तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शनिवार 14 जून 2025



04 संयंत्र के गंदे पानी से बर्बाद खेत के निरीक्षण...





04 संत कबीरदास समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक ...











## खबर संक्षेप

### विकसित कृषि संकल्प अभियान का आयोजन



**खरोरा।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत प्राथमिक कृषि साख सहकारी केंद्र मर्यादित खरोरा में किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कृषि विभाग, पशु पालन, खरोरा समिति, उद्यान विभाग के अधिकारी द्वारा संचालित सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दिया गया जिसमें 65 किसान उपस्थित हुए जानकारी प्राप्त किए। कृषि विकास अधिकारी के ने रस्तोगी सर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी अरुण वर्मा, चेतन देवांगन, पशु पालन से डा.रस्मी गुप्ता उद्यान विभाग से छाया पैंकरा खरोरा समिति अध्यक्ष शिवलाल देवांगन, प्रबंधक राजेंद्र वर्मा मौजूद थे।

### टिकुलिया में विशाल रक्तदान शिविर आज

**भाटापारा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर में संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान टिकुलिया छत्तीसगढ़ द्वारा 14 जून को गांव के स्कूल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम टिकुलिया को खून के खदान नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि यहां लगभग 200 रक्तदाता है जो समय समय पर नियमित रक्तदान करते हैं। छत्तीसगढ़ के किसी भी कोने से किसी को रक्त की जरूरत पड़े और संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान को याद किया जाए, तो त्वरित रक्त की उपलब्धता कराई जाती है। संकल्प सेवा संस्थान के माध्यम से संस्था से जुड़े लोगों द्वारा अब तक लगभग 5000 यूनिट रक्तका दान किया जा चुका है। संस्था के संचालक पीलू वर्मा स्वयं 49 बार रक्तदान कर चुके हैं। इस बार का शिविर खास होने वाला है, क्योंकि इस बार 300 यूनिट रक्तदान का संकल्प है। रक्तदाता भाई - बहन का सम्मान हेलमेट एवं प्रशस्ति पत्र देकर किया जाएगा। इसके तैयारी चल रही है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कलेक्टर - दीपक सोनी, विशिष्ट अतिथि अभिषेक कुमार गुप्ता एसडीएम, तारेश साहू एसडीओपी, विशेष अतिथि-संदीप पांडे, अनिल मिश्रा, राजेश निरंकारी, सुभाष भट्टर, डॉ. विकास आडिल, डॉ. शिल्प वर्मा उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम ग्राम सरपंच संतोषी अजय साहू के अध्यक्षता में संपन्न होगा।

### तस्करों से 60 गौवंश बरामद, दो गिरफ्तार

**महासमुंद।** जिले के सिंघोड़ा थाना क्षेत्र में पशु तस्करों के खिलाफ पुलिस द्वारा धरपकड़ की कार्रवाई कार्रवाई की है। पुलिस ने 7 फरवरी और 19 फरवरी के दो प्रकरणों में आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है। पुलिस ने दो प्रकरणों में लगभग 60 गौवंशों को तस्करों से बरामद कर छुड़ाया है। आरोपियों में ग्राम मुरमुरी निवासी शशिभूषण साहू और सारंगढ़ जिले का निवासी सुमित श्रीवास शामिल हैं। मामले में इस बात की भी जानकारी सामने लाई जानी आवश्यक है कि इतनी संख्या में गौ तस्कर इन गौवंशों को कहा से लाए और किस उद्देश्य से इन्हें कहा ले जाया जा रहा था। बता दें कि इस संयुक्त प्रकरण में ओडिशा और पश्चिम बंगाल के कुछ गौ तस्कर फरार हैं, जिनकी पतासाजी पुलिस कर रही है।

---

**आरोप : परिजनों को बीमार की नहीं, युवक के मौत की सूचना दी पुलिस ने**

# इलाज के दौरान कैदी की मौत, परिजनों ने पुलिस व जेल प्रशासन पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिले के उपजेल में 4 दिन पहले लाए गए एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान उमेंद्र बघेल 34 वर्ष निवासी ग्राम खैरी थाना पलारी के रूप में हुई है। उसे धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत शराब बेचने के आरोप में पलारी थाना पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर उपजेल बलौदा बाजार में दाखिल किया गया था।

जेल में दाखिल होने के तीसरे दिन उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उसे बलौदा बाजार जिला अस्पताल में भर्ती किया गया था। आज शाम करीब 4 बजे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। कैदी की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया। मृतक की पत्नी ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि तीन दिनों से अस्पताल में गंभीर हालत में इलाज चल रहा था, लेकिन उसे कोई सूचना नहीं दी गई। उसे तब जानकारी दी गई जब उसके पति की मृत्यु हो चुकी थी और पोस्टमार्टम की प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी थी। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने जबरन कुछ दस्तावेजों में हस्ताक्षर करवा कर शव ले जाने के लिए कहा, जिससे यह साफ झलकता है कि कहीं न कहीं इस पूरे मामले में लापरवाही बरती गई है।

**कांग्रेस उच्च स्तरीय जांच की मांग करेगी**





### मौत के कारणों की जांच जारी



9 तारीख को रेड की कार्रवाई में आरोपी की गिरफ्तारी हुई थी। 3 दिन बाद जेल में तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आरोपी की अज्ञात कारणों से मृत्यु होने के पश्चात न्यायिक जांच कराई जा रही है, जज मैडम पूरी तरह से जांच कर रही है। तीन डॉक्टर का पैनल बनाकर मृत्यु के कारणों की जांच की जा रही है।

**अभिषेक सिंह,** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, बलौदाबाजार

### पुलिस व जेल प्रशासन की लापरवाही : संदीप

इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कसडोल विधायक संदीप साहू ने गहरा शोक व्यक्त किया और कहा कि प्रथम दृष्टया यह पुलिस व जेल प्रशासन की लापरवाही प्रतीत होती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मामले की उच्च स्तरीय जांच के लिए वरिष्ठ नेताओं से संपर्क कर जांच समिति गठित करवाएगी। यदि जांच में जेल या पुलिस कर्मियों की लापरवाही साबित होती है, तो हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की पहल की जाएगी। यह घटना जेल प्रबंधन और पुलिस प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है। सवाल यह है कि जब एक कैदी अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती था, तो उसकी जानकारी परिजनों को क्यों नहीं दी गई? और मृत्यु के बाद जल्दबाजी में पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपने की कोशिश क्यों की गई? फिलहाल पूरे मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की मांग उठ रही है और जिला प्रशासन की चुप्पी इस घटना को और संदेहास्पद बना रही है।

---

# पशु तस्करी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ पवनी

बिलाईगढ़ थानांतर्गत ग्राम मिरचीद के नदी किनारे खुले स्थान पर कुछ लोगों द्वारा आस पास के क्षेत्रों से मवेशियों को खरीद कर इकट्ठा कर कत्ल करने के उद्देश्य से झारखंड बूचड़ खाना ले जाने की तैयारी की जा रही थी। उसी समय मुखबिर की सूचना पर उप निरीक्षक शिव कुमार धारी थाना प्रभारी के नेतृत्व व हमराह स्टाप के साथ ग्राम नगरदा पहुंचकर मिरचीद नदी किनारे खुले स्थान के पास पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। मौके पर पुलिस के पहुंचने पर मवेशियों को इकटठा कर खदेड़ते ले जा रहे लोग अपने अपने तीन मोटर सायकिल को मौके पर छोड़कर भाग गये, जिसे गवाहों से मवेशियों का गिनती कराया गया, जो 37 नग मवेशी छोटे बड़े (बैल) का होना बताये। आसपास ग्रामवासियों से पूछने पर उक्त मवेशी को कत्ल खाना ले जाना बताया। मौके पर मोटर सायकिल एचएफ डिलक्स सीजी 04 एलव्ही 3805, होण्डा एसपी सीजी 22 यू 1497, पल्सर सीजी 11 बीके 8223 मिली। 37 नग मवेशियों की किमत 1.85 लाख तथा आरोपीगणों द्वारा छोड़ी गई वाहन की किमत 50 हजार कुल 305000 रूपये आंकी गई है। आरोपियों के खिलाफ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6, 10 का अपराध घटित करना पाये जाने पर

- झारखण्ड के बूचड़ खाने ले जाने वाले थे सभी मवेशी

अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारम्भ किया विवेचना के दौरान उक्त 37 नग मवेशी छोटे बड़े (बैल) शासकीय पशु चिकित्सालय में प्रतिवेदन भेज कर शारीरिक परीक्षण ▸▸ शेष पेज 2 पर

---



# रिंगनी में रात और दिन हो रही मुरुम की खुदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखण्ड सिमगा के ग्राम रिंगनी में रेल्वे साइडिंग के बाजू से रात और दिन 3 जेसीबी मशीन से मूरुम की खुदाई हो रही है, जिसमें प्रतिदिन 15-20 हाइवा में ढुलाई हो रही। ग्राम पंचायत रिंगनी के सरपंच पति मंजीत बर्मन ने कहा कि हमारे द्वारा किसी प्रकार की इजाजत नहीं दी गई है, फिर भी विगत 15 दिनों से मूरुम घाटों से खुदाई हो रही है। पत्रकारों का दल शाम 6 बजे रिंगनी भाटा में पहुंचा, वहां ▸▸ शेष पेज 2 पर

- 15 घन मीटर का आदेश पर 5 एकड़ भूमि पर अतिक्रमण
- पूछताछ में एसडीएम और तहसीलदार ने अनभिज्ञता जारी की

### कार्रवाई होगी

शाम शुक्रवार को अनुभागीय अधिकारी सिमगा के अनुसार खनिज विभाग का दल जांच हेतु रिंगनी गया था। संबंधित पर नियमानुसार ठोस कार्रवाई की जाएगी।

**अंशुल वर्मा,** एसडीएम, सिमगा

---

# बीमा कंपनी जले वाहनों की क्षतिपूर्ति करें : उपभोक्ता आयोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बीमा कम्पनी द्वारा जलकर क्षतिग्रस्त हुए वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति राशि नहीं देने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार ने बीमा कम्पनी को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए वाहन की बीमा क्षतिपूर्ति राशि 65000 रुपये ब्याज सहित एवं अन्य व्यय प्रदाय किये जाने का आदेश पारित किया।

- पिछले वर्ष 10 जून को कलेक्टोरेट आगजनी में जली थी वाहनें
- अब वाहन मालिकों को मिलेगा बीमा का लाभ

जानकारी के अनुसार आवेदक रामलाल डहरिया अपनी बाइक से पिछले वर्ष 10 जून को जिला कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार गया, जहां पर हुये आंदोलन एवं आगजनी में आवेदक की बाइक भी पूरी तरह जल गई थी। दावा प्रस्तुत करने पर बीमा कम्पनी ने सर्वेक्षण नहीं कराये जाने की बहानेबाजी करते हुये दावा नो-क्लेम कर दिया। आवेदक द्वारा जिला ▸▸ शेष पेज 2 पर

---

# अज्ञात व्यक्ति ने तालाब में डाला जहरीला केमिकल, जीव जंतुओं की मौत, उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा



तालाब ठेकेदार की मनमानी से तालाब से लगी डबरी में नियम विरुद्ध सिंघाड़ा उत्पादन किया जा रहा है, जहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा जहरीला केमिकल छिड़काव करने से जीव जन्तुओं की मौत हो गई। इससे जनहानि की संभावना भी बतायी जा रही है।

- तालाब ठेकेदार की मनमानी, डबरी में नियम विरुद्ध किया जा रहा सिंघाड़ा उत्पादन

मि ली जानकारी के अनुसार नगर पालिका परिषद सिमगा द्वारा अपने अधिनस्थ स्वामी विवेकानंद वार्ड 8 में स्थित 10 एकड़ 22 डीसमील सरोपी तालाब एवं तालाब से लगे डबरी को निर्मल सेवा सामाजिक संस्थान फाफाडीह रायपुर को 28 अगस्त 23 से 2035 तक दस वर्षों के लिए ठेके पर दिया है, किन्तु नगर पालिका के जिम्मेदारों की निष्क्रियता एवं उदासीनता के चलते ठेकेदार अजय कुमार यादव द्वारा मनमानी करते हुए परिषद् से अनुमति के बिना नियम विरुद्ध रायपुर निवासी ठेकेदार अजय कुमार यादव द्वारा तालाब से लगे डबरी को पिछले चार माह से सिमगा निवासी पन्नालाल सोनकर को सिंघाड़ा उत्पादन हेतु खुद ही पेटी में भाड़ा पर दे दिया है। उक्त बातों की स्वीकारोक्ति ठेकेदार ने इस प्रतिनिधि से चर्चा के दौरान की। अब सवाल उठता है कि निस्तारी तालाब से लगे डबरी में जहरीला केमिकल क्यों और ▸▸ शेष पेज 2 पर

### नोटिस दिया गया

तालाब प्रकरण के उनके संज्ञान में आने के बाद मौका मुआयना के पश्चात ठेकेदार को नोटिस जारी कर बुधवार तक जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है।

**दुलेश्वर सार्वा,** मुख्यनगर पालिका अधिकारी

---

**रस्साकसी में अभिषेक सिंह की टीम विजयी रही**

# पुलिस अधीक्षक भावना ने जीती मटका फोड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

जिला पुलिस द्वारा पारंपरिक खेल रस्साकशी, जलेबी दौड़ एवं मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने मटका फोड़ प्रतियोगिता का खिताब जीता। रस्सीकशी में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार की एक टीम विजयी रही।

शुक्रवार प्रातः 7 बजे से पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में पुलिस लाइन बलौदाबाजार में पारंपरिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान पुलिस अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा रस्साकशी, जलेबी दौड़ एवं मटका फोड़ जैसी प्रतियोगिताओं में अपना हाथ आजमाया, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं हेमसागर सिदार की टीम के मध्य रस्साकशी का आयोजन किया गया, इसमें







बेस्ट ऑफ थ्री के आधार पर अभिषेक सिंह की टीम ने पहला स्थान प्राप्त किया एवं हेमसागर सिदार की टीम को पराजित कर रस्साकशी प्रतियोगिता में विजय रही।

तत्पश्चात जलेबी दौड़ प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें महिला वर्ग में प्रथम स्थान महिला आरक्षक उत्तरा निराला एवं द्वितीय स्थान महिला आरक्षक उकेश्वरी वर्मा ने प्राप्त किया। इसी क्रम में पुरुष वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए जलेबी निरीक्षक रितेश मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के अंत में मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम प्रतिभागी के रूप में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता द्वारा मटका फोड़ प्रतियोगिता का खिताब जीता गया। कार्यक्रम के दौरान भावना गुप्ता द्वारा कहा गया कि खेलों के माध्यम से शरीर में एक नई ऊर्जा का प्रचार होता है तथा इससे आपसी मेलजोल एवं पारस्परिक सामंजस्य की भावना और अधिक प्रगाढ़ होती है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार हम इन पारंपरिक खेलों में मिलजुल कर एवं अपनी पूरी ऊर्जा लगाकर खेल जीतने का प्रयास कर रहे हैं, ठीक उसी प्रकार अपने ▸▸ शेष पेज 2 पर

---

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस**

# कृषि मंडी में 21 को होगा जिला स्तरीय योग कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन योगा संगम एवं हरित योग आधारित थीम पर किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून क़ो प्रातः 7 से 8 बजे तक़ जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन नवीन क़ृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में किया जाएगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस आयोजन की तैयारी हेतु अधिकारियो की बैठक लेकर जिम्मेदारी ▸▸ शेष पेज 2 पर

- आयोजन की थीम होगी योगा संगम व हरित योगा

# आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं की पहुंच के लिए 15 से शुरू होगा धरती आबा अभियान

## जिले के जनजातीय बाहुल्य 46 गांवों में 15 से 30 जून तक लगेंगे विशेष शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

भारत सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आज धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष योजना अंतर्गत धरती आबा जागरूकता और संतृप्तिकरण अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई। यह अभियान 15 से 30 जून तक चलेगा। बैठक में कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने बताया कि अभियान के तहत जिले के 46 जनजातीय बाहुल्य गांवों का चयन किया गया है। जहाँ पात्र लोगों को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने विशेष शिविर लगाये जाएंगे। इसमें विकासखण्ड कसडोल के 21 गांव, बलौदाबाजार के 13, भाटापारा के 10 एवं विकासखंड सिमगा के 2 गांव शामिल हैं।

कलेक्टर ने बताया कि विभागीय अधिकारियों द्वारा चयनित गांव का भ्रमण कर योजनाओं से छूटे हुए हितग्राहियों का गेप आइडेंटिफीकेशन की प्रक्रिया जारी है जो 14 जून तक पूर्ण कर की जाएगी।

इसके बाद 15 जून से 30 जून तक चलने वाले अभियान में हितग्राहियों क़ो पात्राातानुसार सभी योजनाओं से लाभान्वित करने की कवायद शुरू होगी। उन्होंने कहा कि अभियान अंतर्गत लगाये जाने वाले शिविरों में राशन कार्ड, आधार कार्ड,आयुष्मान कार्ड, वयोवृद्ध कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि,जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र,पीएम उज्जवला गैस कनेक्शन,जनधन खाता, मनरेगा जॉब कार्ड, पेंशन योजना, मुद्रा लोन, पीएम विश्वकर्मा योजना, मातृ एवं शिशु कल्याण ,टीकाकरण, आंगनबाड़ी से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध कराई जायेंगी।

### सभी एनसीसी निदेशालयों को निर्देश

एनसीसी कैडेट करेंगे सिकल सेल और थेलेसीमिया के प्रति जागरुक -अभियान के दौरान 19 जून को विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर एनसीसी कैडेट्स की मदद से सिकल सेल और थेलेसीमिया के प्रति जागरुक करने अभियान चलाया जाएगा। बैठक में जुड़े नई दिल्ली स्थित नेशनल कैडेट कोर के मुख्यालय के प्रतिनिधि ने बताया कि इस आशय के निर्देश सभी एनसीसी निदेशालयों को दिए गए हैं।



### कैडेट्स को दिया जाएगा प्रशिक्षण

स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से एनसीसी कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया मित्र बनाने प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनसीसी निदेशालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले एनुअल ट्रेनिंग कैम्प और कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प में कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया की जाँच के साथ इस बीमारी के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी और कैडेट्स को सिकल सेल और थेलेसीमिया मित्र के रूप में प्रशिक्षित किया जाएगा। एनसीसी कैडेट्स अपने क्षेत्र में लोगों की काउंसलिंग इत्यादि कर जान जागरूकता की इस मुहिम में सहयोगी बनेंगे।

## खबर संक्षेप

### संयंत्र की जनसुनवाई के विरोध में उतरी बहुजन पार्टी



**सिमगा।** ब्लाक मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर ग्राम केसदा में संभव ट्यूब स्टील प्राइवेट लिमिटेड उद्योग को लगाने के लिए पर्यावरण विभाग द्वारा 16 जून को ग्राम नेवधा में जनसुनवाई का आयोजन किया गया है। आयोजना स्थल मे विशाल पंडाल एवं डोम लगाने तैयारी की जा रही है। जिसका पता चलते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। सभी आस पास के दर्जनों गांव जिसमें केसदा, रिंगनी, हथबंद, नेवधा, उड़ेला, भैंसा, कुकराचुंदा, खपरीकला के ग्रामीण संयंत्र का भारी विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणों के साथ बहुजन आंदोलन पार्टी भी है। संयंत्र के लिए बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली के नेतुत्व में शुक्रवार को कलेक्टर के नाम एसडीएम सिमगा अंशुल वर्मा एवं तहसीलदार अनिरुद मिश्रा को ज्ञापन सौंपा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री अली ने बताया कि सिमग क्षेत्र मैं सिलतरा के सारे फैक्ट्रियों को नए सिरे से स्थापित किया जा रहा है। जो आज सिलतरा की स्थिति है वही स्थिति यहां भी होने वाली है। सारे उद्योगों को पानी भी चाहिए इसके लिए शिवनाथ नदी से पाईप लाईन बिछाया जा रहा है। अली ने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने इस साल पहली बार देखा कि जीवन दायिनी शिवनाथ नदी को पहली बार सुखते हूए देखा। ऐसी परिस्थिती में किसानो की खेती पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा।

### सचिव के अभाव में पंचायत में सरकारी कार्य ठप

**गोपालपुर।** नव गठीत ग्राम पंचायत गोपालपुर में पंचायत चुनाव हुए तीन वर्ष बीत गये, लेकिन अभी तक पंचायत सचिव का पद खाली पड़ा है। यहां न किसी सचिव की वैकल्पिक व्यवस्था की गई है और शासन की जन कल्याणकारी योजना सुचारू रुप से चल रही है। सचिव विहीन पंचायत होने के कारण सभी काम प्रभावित हो रहे हैं। मानमती पहारु साहू सरपंच ने बताया कि इन्द्रजीत बर्मन मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला को तीन बार, पंचायत सचिव के पद को पूरा करने के लिए लिखित में अवगत कराया जा चुका है, एवं प्रतीक प्रधान मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत को सचिव मांग के लिए 17 मार्च और 22 मई दो बार लिखित में अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अभी तक अश्वासन मिलता रहा, जिम्मेदार अधिकारी सचिव पद को पूरा नहीं कर पाए। यह एक सोचनीय विषय बना हुआ है। ज्ञात हो कि ग्राम पंचायत में पंचायत चुनाव से अब तक जन्म- मृत्यु का पंजियन के कार्य नहीं हुआ है। जिससे पिड़ित लोग प्रमाण पत्र के लिए दर दर की ठोकर खा रहे है। श्री प्रतीक प्रधान मुख्य कार्य पालन अधिकारी ने बताया कि सचिव की वैकल्पिक व्यवस्था की गई, वह ज्वाइन नहीं किया। अब तीन दिनों के अन्दर सचिव की व्यवस्था कर दी जायेगी।

### 12वीं की परीक्षा 6 से 10वीं की 9 से

**महासमुंद।** छग माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वितीय मुख्य परीक्षा और अवसर परीक्षा की समय सारिणी जारी कर दी गई है। 12वीं की परीक्षा 6 से प्रारंभ होकर 22 जुलाई तक और हाईस्कूल 10वीं की परीक्षा 9 से प्रारंभ होकर 21 जुलाई तक सुबह 9 से 12:15 बजे होगी। समय सारिणी का अवलोकन वेबसाइट पर किया जा सकता है। द्वितीय मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया जारी है।

## पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने ली प्रथम अपराध समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# लंबित अपराधों की अब तत्काल होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

शुक्रवार को दोपहर में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने प्रथम अपराध समीक्षा बैठक ली। इसमें समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों का एजेंडावार लंबित अपराध, चालान, शिकायतों, धारा 363 भादवि, आबकारी एक्ट की कार्यवाही के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान उनके द्वारा विशेष रूप से 1 वर्ष से ऊपर के समस्त लंबित अपराध एवं चालान का अनिवार्य रूप से निकाल निराकरण की हिदायत दी। इसके साथ ही क्षेत्र अंतर्गत नशे के दुष्प्रभाव से लोगों को जागरूक करने ग्रामों में शिविर लगाकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किया गया। विभिन्न प्रकरणों में निर्धारित समयसीमा 60 एवं 90 दिवस के भीतर प्रकरण में संपूर्ण विवेचना कार्य पूर्ण कर तथा आरोपियों की गिरफ्तारी आदि की प्रक्रिया पूर्ण करते हुए प्रकरण न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने कहा गया। क्षेत्र अंतर्गत गुंडा / निगरानी बदमाशों की नई फाइलें खोलने के लिए प्रस्ताव तैयार कर अविलंब पुलिस कार्यालय भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

समस्त प्रकरणों में घटना स्थल का अनिवार्य रूप से ई-साक्ष्य लेने हेतु हिदायत दी गई। जिले में अनाधिकृत व्यक्तियों की चेकिंग को और अधिक कारगर करते हुए चेकिंग अभियान में और तेजी लाकर अधिक से अधिक लोगों के फिंगरप्रिंट लिया जाए, इसके लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा 30 जून तक की समयसीमा निर्धारित की गई है। जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों में लगातार चालानी कार्रवाई करने एवं जागरूकता अभियान चलाने निर्देशित किया गया। साथ ही सड़क दुर्घटना के सभी प्रकरणों में लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी अनिवार्य रूप से की जाए। समीक्षा बैठक में अभिषेक सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, हेमसागर सिदार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भाटापारा, तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक, तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर समस्त थाना एवं चौकी के प्रभारी गण, पुलिस कार्यालय के स्टाफ उपस्थित थे। इस दौरान



### उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले नागरिकों को किया सम्मानित

अपराधों के रोकथाम में उत्कृष्ट भूमिका निभाने वाले नागरिकों को सम्मानित किया गया। साथ ही बेहतर पुलिसिंग, अपराधियों की धरपकड़, यातायात व्यवस्था बनाए रखने तथा हाल ही में नशे एवं यातायात जागरूकता हेतु आयोजित वालीबाल एवं बास्केटबॉल प्रतियोगिता के संचालन में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, निरीक्षक रितेश मिश्रा थाना प्रभारी सिमगा, निरीक्षक केसर पराग बंजारा थाना प्रभारी सुहेला, निरीक्षक के.सी.दास थाना प्रभारी हथबंद, उप निरीक्षक प्रियेश जॉन प्रभारी यातायात बलौदाबाजार, आरक्षक अभिनव चौबे पुलिस सहायता केंद्र दामाखेड़ा, प्रधान आरक्षक दिनेश कुर्रे यातायात भाटापारा, आरक्षक मनीष बंजारे यातायात बलौदाबाजार, आरक्षक देवेन्द्र पुरैना यातायात बलौदाबाजार, आरक्षक बसंत कौशिक यातायात बलौदा बाजार, आरक्षक मोहन जांगड़े थाना सिटी कोतवाली, आरक्षक अश्विनी पैकरा थाना सिटी कोतवाली को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# 36 शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित पुस्तक उदीम विमोचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

राज्य के अलग-अलग जिलों के 36 सक्रिय और नवाचारी शिक्षकों की शैक्षिक गतिविधि आधारित नवाचारी क्रियाकलापों की पुस्तक उदीम-सीखने सिखाने का एक प्रयास का विमोचन व लेखक शिक्षकों का सम्मान शुक्रवार को वृंदावन हॉल रायपुर में सुनील सोनी पूर्व सांसद एवं विधायक रायपुर दक्षिण के कर कमलों से हुआ। कार्यक्रम में पुस्तक के संयोजक लोकेश कुमार वर्मा, संपादक भारती वर्मा व सह सम्पादक सईदा खान सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवाचारी शिक्षकों को संबोधित करते हुए विधायक सुनील सोनी ने कहा कि शिक्षक वन्दनीय है, मैं हमेशा शिक्षकों के कार्यों की सराहना करता हूं। आप सभी द्वारा अपने शालाओं में सम्पन्न गतिविधियों के क्रियाकलापों को पुस्तक के रूप में प्रकाशित करने पर आप सभी को बधाई। नवाचारी गतिविधियों आधारित पुस्तक उदीम में बालवाड़ी स्तर से लेकर माध्यमिक स्तर तक के बच्चों को अंक, अक्षर व मात्रा ज्ञान, भाषायी कौशल,गणितीय कौशल, विज्ञान के सरल प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को रुचिकर बनाने, अनुपयोगी व कबाड़ के वस्तुओं से उपयोगी व सजावटी वस्तु निर्माण की कला, बांस कला, मिट्टी कला, प्रिंट रिच वातावरण, खेल खेल में शिक्षा, वातावरण को हरितम समृध्द करने पर्यावरणीय शिक्षा, पूर्व व्यावसायिक शिक्षा आदि पर रोचक तरीके से गतिविधियों को शामिल किया गया है। जिसके द्वारा बच्चों को एक आनंददायी वातावरण में अपेक्षित अधिगम लक्ष्य प्राप्ति की ओर ले जाया जा सकता है।



यह पुस्तक बच्चों को नए सत्र में विद्यालय एवं पढ़ाई से जोड़ने में सहायक सिध्द होगा। पुस्तक का संयोजन शिक्षक लोकेश कुमार वर्मा एवं संपादन शिक्षिका भारती वर्मा व सह संपादन व्याख्याता सईदा खान के द्वारा किया गया है। लेखक मंडल में शीतल बैस, शीला गुरु गोस्वामी, ऋतू वर्मा, नीतिका जेकब, अराधना वर्मा, अर्चना साहू, संध्या पैकरा, कविता सरशीहा, निहारिका तिवारी, नीलम वर्मा, ऋचाबाला गुप्ता, योगेश्वरी साहू, गीता साहू, चन्दा सिन्हा, मोनू गुप्ता, भुनेश्वरी साहू, बिंदु वर्मा, शकुन्तला साहू, संतोषी डनसेना, सरोजनी देवी वर्मा, सीमा जायसवाल, सुनीता साहू, सुमन जार्ज, सुमिता शर्मा, हर्षलता मिश्रा, पुष्पा शर्मा, योगेश्वर साहू, महादेव प्रसाद जायसवाल, रूद्र कुमार शर्मा, कलेश्वर साहू, राजेश कुमार यादव, उमा शंकर साहू, खोमन सिन्हा व मुकेश रैकवार शामिल हैं।

# मुक्तिधाम में रोपे गए विभिन्न प्रकार के पौधे




हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

ग्राम पंचायत मुड़पार में स्व. हनुमत राम वर्मा की पुण्य स्मृति में छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज द्वारा मुक्तिधाम परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर आम, जामुन, नीम, पीपल, अमरूद एवं बरगद जैसे छायादार व औषधीय पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम इकाई मुड़पार के नेतृत्व में क्षेत्रीय प्रमुख खोड़सराम वर्मा एवं इकाई प्रमुख ललित कुमार वर्मा के निर्देशन में किया गया। साथ ही मुक्तिधाम परिसर में वृक्षारोपण के साथ-साथ बाउंड्री जाली लगाने का कार्य भी प्रारंभ किया गया है।

ग्राम इकाई प्रमुख ने बताया कि वृक्षारोपण से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि यह जलवायु संतुलन, स्वच्छ वायु और जल संरक्षण में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि यह कार्य समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी है और इसे करके आत्मिक संतुष्टि प्राप्त होती है। इस पुनीत कार्य में ग्राम पंचायत मुड़पार के उपसरपंच जीतू कुमार वर्मा, अश्वनी वर्मा, नारद कुमार वर्मा, आकाश वर्मा, गोवर्धन वर्मा एवं सनत कुमार वर्मा का विशेष योगदान रहा।



# 10 दिवसीय युवा शिविर में 8 राज्यों के 70 प्रतिभागी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

समीपस्थ ग्राम किरतपुर मे मानव तीर्थ द्वारा मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद प्रणेता ए. नागराज पर आधारित परिवार व्यवस्था में जीने के अध्ययन और अभ्यास के लिए 3 से 12 जून तक दस दिवसीय युवा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें देशभर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिया। यह युवा शिविर मानव तीर्थ का 10वां कैंप रहा। इस शिविर में 70 प्रतिभागी शामिल रहे, 8 अलग-अलग राज्यों से जिसमे गुजरात, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उड़ीसा, बिहार, झारखंड और उत्तरप्रदेश, दिल्ली आदि राज्यों से युवा शामिल हुए।

इस शिविर का मुख्य उद्देश्य यह है कि परिवार व्यवस्था मे जीने की समझ के लिए जीवन विद्या के परिचय शिविर के लिए किया गया। युवाओं को मानव तीर्थ में हो रहे अध्ययन और अभ्यास का भास हो, युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान, संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है। साथ ही युवाओं में मंगल मैत्री स्थापित करना तथा निश्चित व व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करवाना ही इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा।

# राशन वितरण में तकनीकी दिक्कतें, हितग्राही परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत जून, जुलाई, अगस्त 3 माह का एक साथ चावल वितरित किया जा रहा है। वहीं राशन कार्ड हित्रग्रही शासन के इस घोषणा के बाद एक साथ चावल ग्रहण करने हेतु तत्पर नजर आ रहे हैं, जिसके चलते सार्वजनिक वितरण प्रणाली के राशन दुकानों में भारी भीड़ भी देखी जा रही है। सार्वजनिक वितरण केन्द्र में कुल 2235 राशनकार्ड हितग्राहियों के इस माह का पूर्ण की चुनौती बनी है। गौरतलब है कि 5 जून से चावल का वितरण 3 माह कर एक साथ किया जा रहा है जो कि 2 दिन के अवकाश को छोड़ कर पिछले दिनों में सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक के वितरण में 40, 57, 54 व आज 12 तारीख को। बजे एक मात्र 12 राशनकार्य हित्रतीयों को चावल का वितरण हो पाय था, जबकि बचे शेष 18 दिनों में 113 प्रति राशनकार्ड हितग्राहियों के हिसाब से चावल का वितरण किया जाना अतिआवश्यक है बार-बार का सर्वर प्राब्लम व चार का फिंगर व तीन बार का तौल वितरण के लेटलतीफी हो रही है।



गौरतलब है कि इस बार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत एक साथ तीन माह का चावल वितरण किया जाना निर्धारित है, जो कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी हथनीपारा महावीर वार्ड व सुभाष वार्ड के राशन कार्ड हीतग्राही परंतु बार-बार के तकनीकी समस्या के सर्वर डाऊन, 6 बार के फिंगर, तौलाई, व गर्मी में लाईट का बंद हो जाना निर्धारित समय में वितरण के प्रक्रिया को प्रभावित कर रहा है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के सिस्टम में फिरहाल जून का चावल सिर्फ जून में ही प्रदाय होगा मिली जानकारी के अनुसार फिर हाल साफ्टवेयर में मौजूद सिस्टम जून मह का राशन इसी माह तक उठाया जाना अनिवार्य बताया जा रहा है नहीं उठाने पर अगला माह इस जून माह का राशन उपलब्ध नहीं होगा, परंतु स्थिति परिस्थिति छूटे हुये राशनकार्ड हितग्राहियों के सुविधा को ध्यान में रखते हुये जून माह का वितरण जुलाई माह में बढ़ाने हेतु प्रशासन को अवगत करायें जाने कि बात भी कही जा रही है। वहीं राशनकार्ड धारकों द्वारा भी वितरण केन्द्र से एकमुश्त 3 माह का चावल ले जाने हेतु भी कटिबद्ध होना बताया गया।

### निदान जल्द

सार्वजनिक वितरण प्रणाली केन्द्रों में सर्वर से जुड़े समस्याओं का निदान कर लिया जायेगा व तय समय में सभी राशनकार्ड हितग्राहियों का चावल का वितरण कर दिया जायेगा।

**-लक्ष्मण कश्यप,** खाद्य अधिकारी

## पेज 3 के शेष

### पशु तस्करी करने...

कराया गया सभी को स्वस्थ बताया गया है तब उक्त 37 नग मवेशी छोटे बडे (बैल) को गौशाला में सुरक्षित रखवाया गया तथा आरोपीगणो की लगातार पतासाजी जारी थी कि पतासाजी के दौरान सूचना प्राप्त हुआ कि भट्ठे उर्फ शिवरात्रि चंदेल साकिन राहौद, खेमचंद यादव साकिन नगरदा, टेकराम जाटवर, राजकुमार साहू, मिरचीद, बुदरू यादव साकिन गंतुला. रमेश यादव साकिन धरदेई के द्वारा मवेशियो को अक्सर बूचड खाना ले जाकर बेचते है कि सूचना मिलने पर खेमचंद यादव व टेकराम जाटवर, भट्ठे उर्फ शिवरात्रि चंदेल को घेराबंदी कर पकडा गया जो कि खेमचंद यादव, टेकराम जाटवर, शिवरात्रि चंदेल को पुछताछ करने पर क्रमशः अपना अपना नाम खेमचंद यादव पिता जीवन यादव 28 वर्ष ग्राम नगरदा थाना बिलाईगढ़, टेकराम जाटवर पिता धनसाय 28 वर्ष साकिन वार्ड 3 जागडे मोहल्ला ग्राम परसाडीह, भट्ठे उर्फ शिवरात्रि चंदेल 42 वर्ष साकिन राहौद थाना शिवरीनारायण को गिरफ्तार किया गया। इस मामले में रमेश पिता बुड़गा राम यादव 50 वर्ष साकिन घरदेई ने बताया कि वह साथी राजकुमार साहू साकिन मिरचीद व बुदरू यादव साकिन गंतुला के साथ मिलकर आस पास के किसानों से मवेशियों गाय, बैल को खरीद कर खदेड़ते लाते हैं और झारखण्ड तरफ से आने वाले कोई भी मवेशियों के खरीदार को बेच देते थे। सभी आरोपियों न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया।

### रिंगनी में रात...

पर तीन जेसीबी मशीनों से खुदाई हो रही थी तथा लोडर से हाइवा ट्रक में मूरुम को लोड कर रहे थे। **मीडिया ने उठाया मुद्दा**–जानकारी में बताया कि उपरोक्त मूरुम क्षेत्र में स्थापित होने वाले कारखानों को सप्लाई की जा रही है। ललित कुमार घीतकर एवं आकाश मांडले नामक व्यक्ति घटनास्थल पर थे। उन्होंने बताया कि मेरे पास मूरुम खुदाई का परमिशन है। उपरोक्त संदर्भ में तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा से फोन पर चर्चा की तो तहसीलदार ने अनभिज्ञता जाहिर की। रात्रि 8.30 पर अनुभागीय अधिकारी सिमगा अंशुल वर्मा से चर्चा की गई तो उन्होंने भी अनभिज्ञता जाहिर करते हुए मूरुम खुदाई का तत्कालीन फोटो भेजने को कहा। पत्रकारों ने तत्कालीन फोटो एसडीएम को मोबाइल पर प्रेषित किया। जिस पर उन्होंने उपरोक्त जानकारी खनिज विभाग से लेकर देने और जांच के लिए तहसीलदार को भेजने की बात कही। **पूरा प्रशासन मंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त**– उपरोक्त मामले में जिला कलेक्टर बलौदाबाजार दीपक सोनी को भी रात्रि 9.10 बजे के आसपास जानकारी दी गई। कलेक्टर दीपक सोनी ने बताया कि संभवतः मूरुम खुदाई की अनुमति खनिज विभाग द्वारा दी गई है, चूंकि पूरा प्रशासन मंत्री के कार्यक्रम में व्यस्त हैं अतः कल टीम को भेजकर जांच करवाता हूं। रात 9 बजे के आसपास अचानक ही मूरुम खुदाईकर्ता ने खुदाई कार्य बंद कर दिया तथा घटना स्थल से जेसीबी लोडर और अन्य हाइवा को हटालिया। **निर्माणाधीन संयंत्रों में हो रही सप्लाई**– जानकारों ने बताया कि अवैध खनन कर्ताओं द्वारा 5 एकड़ से ज्यादा भूमि पर खनन कर रहे हैं, वहां पर ठोस और कठोर मूरुम है, जिसे केसदा, कामता में स्थापित होने वाले कारखानों में सप्लाई की जा रही है, जिसकी वजह से शासन एवं ग्राम पंचायत को लाखों रुपए लायल्टी का नुक़सान हो रहा है। वहीं मूरुम खुदाई के सौदागर निर्माणाधीन संयंत्रों को सप्लाई कर रहे हैं और लाखों की कमाई कर रहे हैं। देर रात पत्रकारों ने घटनास्थल में रहकर जानकारी हासिल की तथा मूरुम खनन के विषय में उच्चाधिकारियों को जानकारी दी, जिसके पश्चात सहसा, मूरुम खुदाई के कार्यों को बंद कर तथा सभी मशीनों को और गाड़ियों को कार्यस्थल से हटाया गया।

### बीमा कंपनी...

उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार में परिवाद प्रस्तुत करने पर आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल एवं सदस्य हरजीत सिंह चावला व शारदा सोनी ने उभय पक्ष की सुनवाई पश्चात इस मामले में इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रायपुर क़ो सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए बीमा कंपनी इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड रायपुर को बीमा क्षतिपूर्ति की राशि 65000 एवं आदेश दिनांक से अदायगी दिनाक तक 6 प्रतिशत वार्षिक दर से व्याज एवं मानसिक तथा आर्थिक क्षति के रूप में 5000 रुपये एवं वाद व्यय के रूप में 2,000 रूपये आदेश दिनांक से 45 दिन के भीतर प्रदाय किये जाने का निर्णय सुनाया है।

### अज्ञात व्यक्ति ने...

किसने डाला है? जो कि सांप, बिच्छु, मछली जैसे जीव जन्तु के अलावा मानव जीवन के साथ खिलवाड़ है। उक्त संवेदनशील मामले में आखिर जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही क्यों बरती गई। वहीं ठेकेदार यादव का कहना है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रादुर्भावनावश डबरी तालाब में जहरीला केमिकल डाला गया है, आखिर ठेकेदार ने क्या इस बात की सूचना सीएमओ नगर पालिका अथवा थाना सिमगा में दी है, यदि नहीं तो क्यों? क्या ठेकेदार परिषद से बड़ा है कि उन्होंने नियम विरुद्ध तालाब से लगे डबरी में मछली उत्पादन के स्थान पर सिंघाड़ा उत्पादन के लिए अपने स्वयं के अतिरिक्त आमदनी के उद्देश्य से अन्य व्यक्ति को पेटी पर दे रखा है, जिससे कि नगर पालिका को राजस्व की क्षति पहुंचने के साथ ही जनजीवन पर प्रतिकूल असर होने की आशंका है। उपरोक्त बिन्दुओं पर गौर करते हुए क्या नगर पालिका परिषद सिमगा ठेकेदार की तालाब ठेका निरस्त करेगी या नोटिस जारी कर मामला रफादफा कर दिया जाएगा।

### पुलिस अधीक्षक भावना...

विभागीय कार्यों में भी तन्मयता एवं मन लगाकर पूरी ऊर्जा के साथ निरंतर बढ़िया कार्य करें। पारंपरिक खेल प्रतियोगिता के आयोजन में अन्य प्रमुख लोगों में तारेश साहू एसडीओपी भाटापारा, तुलसी लेकाम उप पुलिस अधीक्षक साइबर, अपूर्वा क्षत्रिय उप पुलिस अधीक्षक अजाक, राजेश श्रीवास्तव उप पुलिस अधीक्षक बलौदाबाजार, अमृत कुजूर उप पुलिस अधीक्षक यातायात, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर, जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी तथा अन्य पुलिस स्टाफ उपस्थित रहे।

### कृषि मंडी 21 को...

सौंपी। उन्होंने समय पर सभी तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत एवं उप संचालक समाज कलयाण व वरिष्ठ खेल अधिकारी क़ो सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही अलग-अलग विभाग के अधिकारियो क़ो पृथक-पृथक जिम्मेदारी दी गई है। कार्यक्रम में योग आयोग द्वारा प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा प्रोटोकॉल के अनुसार योग अभ्यास होगा। योगाभ्यास में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, दिव्यांगजन, विशेष रूप से पिछड़ी जनजाति, विभिन्न आयु वर्ग के महिला व पुरुष, एनजीओ, विभिन्न संस्थाओं एवं छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे।

## खबर संक्षेप

### मानस मंडली ने श्री बाबा देवधाम में किया भजन कीर्तन



**भरूवाडीह/सैहा/गुमा।** अंचल के ग्राम रावन के प्रसिद्ध मंदिर श्री बाबा देव धाम खेतों के मध्य स्थित है। भजन कीर्तन करने पहुंचे तुलसी के संदेश मानस मंडली बुडगहन (खरोरा) से जो मंदिर प्रांगण में संध्या तक चली। इस दौरान इतवारी राम वर्मा, रामधन वर्मा व्याख्याकार, हारमुनियम में रामनारायण यादव, तबला वादक केशव साहू, विश्वनाथ साहू सहयोगी मंजीरा वादक, चंद्रशेखर वर्मा, टिकेश्वर करसायल इत्यादि सहित संगीत प्रेमी मौजूद थे।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी शुरू



**पलारी।** नगर में 21 जून को 11वे अंतर्राष्टीय योग दिवस योगा संगम व हरित योग आधारित थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसे लेकर पलारी तहसील के ग्राम पंचायत गिर्रा में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में तीन दिवसीय योग शिविर का आयोजन 11, 12 और 13 जून को किया गया। शिविर का सरपंच मुटाना धुर्व, पूर्व सरपंच परमेश्वरी वर्मा, भूतपूर्व जनपद सदस्य महेंद्र साहू सपत्नीक और ग्राम पंचायत ससहा के सरपंच मिथलेश मुकेश साहू द्वारा भारत माता की पूजा अर्चना की गई। प्रथम दिन का योग शिविर महिला पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी मीना साहू द्वारा लिया गया। साथ में मधुरानी सरशीहा योग शिक्षिका का विशेष सहयोग रहा। श्रीमती साहू ने बढ़ते उम्र में होने वाली समस्या से निजात पाने के लिए बहुत ही सरल तरीके से योगाभ्यास बताया। साथ ही अपने दिनचर्या सुधारने तथा आहार विहार की जानकारी दी। शिविर में ग्रामवासियों ने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### रायपुर जिपं अध्यक्ष का जन्मदिवस कार्यक्रम स्थगित

**खरोरा।** गुजरात के अहमदाबाद में हुये इस सदी के सबसे दर्दनाक विमान हादसा की सूचना से स्तब्ध रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल शोक व्यक्त करते हुये 15 जून को अपने जन्मदिवस पर आयोजित सारे कार्यक्रम को स्थगित कर दिये हैं। साथ ही इस विमान हादसे में असमय अपना जीवन खो चुके दिवंगत आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुये इश्वर से प्रर्थना की कि शोक संतप्त परिजनों के इस दुख की घड़ी में इस गहरी पीड़ा को सहने की क्षमता प्रदान करें। साथ इस त्रासदी में घायल हुए लोग शीघ्र स्वस्थ हो। विदित हो 15 जून को रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल के जन्मदिवस पर समर्थकों द्वारा जन्मदिवस को लेकर विभिन्न कार्यकमों की भव्य तैयारी कर रहे थे।

### निधन

**सतीश वर्मा**



**बलौदाबाजार।** हाउसिंग बोर्ड बलौदाबाजार निवासी सतीश वर्मा कौड़ियां वाले का निधन हो गया है। उनकी अंत्येष्टि शुक्रवार को बलौदा बाजार के रायपुर रोड मुक्ति धाम में की गई।




# संयंत्र के गंदे पानी से बर्बाद खेत के निरीक्षण में पहुंचा प्रशासनिक दल

**हरिभूमि खबर का असर, हरकत में आया प्रशासन, निरीक्षण दल ने किसानों की समस्याएं समझी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार/रवान

अलग खबर

ग्राम रवान में पिछले कई दशकों से चल रहे अंतरास्ट्रीय सीमेंट संयंत्र की लापरवाही के चलते किसानों की परेशानियां अब प्रशासन की नजर में आ गई हैं। 13 जून को हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का असर यह हुआ कि जिला प्रशासन हरकत में आया और संबंधित स्थल का निरीक्षण कर किसानों की समस्याओं को समझा।

गौरतलब है कि ग्राम रवान में सीमेंट संयंत्र का कोल यार्ड का गंदा पानी नाले के माध्यम से बहकर किसानों के खेतों में घुस जाता है। इस पानी में कोयले के बारीक कण, डस्ट और फ्लाई ऐश पाए गए हैं, जिससे खेतों को भारी नुकसान हो रहा है। खेतों की उर्वरा शक्ति समाप्त हो रही है और बुवाई किए बीज अंकुरित होने से पहले ही खराब हो जाते हैं। कई किसानों की धान की फसलें पूरी तरह डूबकर नष्ट हो चुकी हैं।

इस मामले में किसानों दशमत साहू, नंदू साहू, धनेश्वर साहू और छेदू वर्मा ने अधिकारियों को अपनी पीड़ा बताते हुए संयंत्र प्रबंधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मुआवजे की मांग की है। किसानों का कहना है कि लगभग 20 वर्षों से वे संयंत्र से निकलने वाले इस गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकला।



#### प्रशासन जागा, निरीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन

खबर के प्रकाशन के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण करने जिला कृषि अधिकारी दीपक नायक, कृषि अधिकारी जयेंद्र कवार समेत अधिकारियों की टीम भेजी। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर खेतों का निरीक्षण किया और किसानों की समस्याओं को सुना। जिला कृषि अधिकारी दीपक नायक ने कहा कि किसानों को हुए नुकसान की जांच कर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी और समस्या का समाधान निकाला जाएगा।

## जयंती : संत कबीर साहेब की जयंती में शामिल हुए विधायक

# संत कबीरदास समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक थे : विधायक इन्द्र साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

संत कबीर दास साहेब की जयंती पर विधायक इन्द्र साव ने शहर और ग्रामीण अंचलों में हुए कबीर प्राकट्य महोत्सव में शामिल हो कर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि संत कबीर साहेब केवल एक महान आध्यात्मिक संत ही नहीं बल्कि समाज सुधारक और युग-प्रवर्तक भी थे। श्री साव ने लोगों से उनके विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सद्भाव बनाएं रखने का आह्वान भी किया।

नगर के हथनीपारा, मुंशी इस्माइल वार्ड, ग्राम सिंगारपुर, दामाखेड़ा और सिमगा में आयोजित कबीर जयंती के अवसर विधायक इन्द्र साव शामिल हुए और उपस्थित समस्त कबीर पंथियों को बधाई देते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा, दया, करुणा, परोपकार और सामाजिक समरसता का उनका संदेश आज भी प्रासंगिक है। वे अपनी साधना के धनी, विश्वासों के राजा और अनुभूतियों के साहूकार थे, जो मार्ग उन्होंने दूसरों को दिखाया, वे उसी पर चले थे और वहीं उनका मुक्ति मार्ग था। कबीर का जीवन दर्शन सद्विचारों की ऐसी गंगा है जिसमें डूबकी लगाकर मनुष्य का जीवन सदाचारों से महक उठता है। कबीर की वाणी कोसों दूर जन-मन तक जाती थी, इसलिए वे महान संप्रेषक थे।

विधायक साव ने कहा कि संत कबीर साहेब अपने अमूल्य दोहों के माध्यम से उन्होंने समाज में एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। उन्होंने अपने विचारों से पूरी दुनिया को प्रेरित किया। उनके विचारों की अलख जगाए रखने हम सभी को समाज में सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने की जरूरत है। कबीर ऐसे महान चिंतक, समाज सुधारक एवं संप्रेषक थे, जिन्होंने युगों-युगों की संचेतना को जागृत कर दिया। मतों- मतांतरों के भेद, रूढ़ियों और कर्मकांडों के कट्टर विरोधी कबीर मानवीय संवेदनाओं की कोमल वाणी थे।

उन्होंने समस्त मानव समाज से संत कबीर दास के विचारों को अपने जीवन में आत्मसात कर सामाजिक एकता और सद्भाव को और अधिक सशक्त बनाएं जाने की अपील करते हुए उपस्थित लोगों संत कबीर दास के प्राकट्य दिवस की बधाई दी।



# संत कबीर साहेब आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक थे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ संत कबीर की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए नपा अध्यक्ष अशोक जैन

संत कबीरजी के जन्म जयंती पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन द्वारा सामाजिक समरसता भवन में आयोजित संत कबीर दास प्रकाट्य उत्सव पर शामिल हो कर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कबीर समाज के पदाधिकारी व सा मा जि क महिलाओं द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। जयंती के अवसर पर संत कबीर साहब की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर पूजन किया गया। संत कबीर दासजी के संबंध में नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि संत कबीर साहेब महान आध्यात्मिक संत के साथ युक्त प्रवर्तक व समाज सुधारक भी थे, उनके दोहे आज भी लोगों को प्रेरणा देते हैं। कबीर दास जी के विचारों को आत्मसात कर सामाजिक एकता वह आपसी सद्भाव बनाए रखना बेहद आवश्यक है।

जयंती समारोह के अवसर पर समाज जनों की मांग पर नगर पालिका अध्यक्ष जैन द्वारा स्वयं के अध्यक्ष निधि से भवन में एक बोरिंग कराए जाने की घोषणा, जिससे सामाजिक भवन में समाज के लोगों को पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही अन्य कराए जाने वाले विकास कार्यों की भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर मांग के अनुरूप घोषणा किए जाने पर समाज के लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के प्रति आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# धमनी को आदर्श गांव बनाने महिलाओं की बैठक कमांडो दल का गठन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

धमनी को आदर्श गांव बनाने महिलाओं की बैठक हुई, जिसमें कमांडो दल का गठन किया गया। विदित हो कि 13 जून को आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में सभी मोहल्ले की निवासी महिलाएं सरपंच ग्राम पंचायत धमनी हरदयाल पैकरा की अध्यक्षता एंव उपसरपंच मिनेंद कुमार एंव पीलाराम तथा बृजभान यदु के संयुक्त नेतृत्व में और जनपद सदस्य चंद्रकुमार पैकरा एंव वन प्रबंधन समिति धमनी अध्यक्ष रामनारायण यादव के मार्गदर्शन में सभी महिलाओं द्वारा गांव धमनी में शांतिपूर्ण माहौल निर्माण हेतु सार्वजनिक रूप से प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इसमे धमनी में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने और पिलाने पर 21 हजार रूपये अर्थ दण्ड, शराबी द्वारा गाली गलौच करने माहौल को अशांत बनाने पर 15 हजार अर्थ दण्ड का प्रावधान पारित किया गया। यदि कोई सूचना जान कर गलती करता है और दण्ड देने से इंकार करता है तो मामला थाना प्रभारी को सुचित कर कार्रवाई के लिए कहा जाएगा। बैठक में महानदी महिला कमांडो दल के पदाधिकारियों का चयन किया जाएगा जो अपने निर्धारित समय पर गांव में गश्त करते हुए स्थिति का जायजा लेंगे। कार्यक्रम में सचिव दिनदयाल कनौजे, राधिका कलिहारी, प्रीति देवी निर्मलकर, जमुना ध्रुव, लक्ष्मी साहू, सभी मितानिन, समस्त सहायता समुह के महिला पदाधिकारी, पंच उपस्थित थे।



# बीईओ कार्यालय में हुआ विदाई समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ लिपिक शिवकुमार सेन के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं लिपिक संघ द्वारा मोमेंटो, श्रीफल एवं शाल भेंटकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन बीआरसी कार्यालय पलारी में किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त सेन भावुक पल में कहा- काम करते कब समय निकल गया पता ही नहीं चला। मेरे लिए कैरियर के 42 साल अविस्मरणीय रहे, जिसे हमेशा अपने यादो में संजोकर रखूंगा। यही मेरी असली पूंजी है। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी एनके वर्मा ने कहा कि कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक शिवकुमार सेन की कमी हमेशा महसूस होगी।

पूर्व बीईओ केएन वर्मा, दीपक मिश्रा संभाग अध्यक्ष, जेएल जोशी बीआरसी ने सम्मान करते हुए बताया शिवकुमार सेन के कार्यकाल को सराहनीय एवं प्रेरणा लेने वाला बताया। सेनजी कई बार मंच से सम्मानित हो चुके हैं, जिसमें हाल में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार टंकराम वर्मा राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लिपिक वर्गीय तहसील पलारी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल पटेल, भोला राम साहू, तारा शंकर साहू, टिकेश्वर ध्रुव, सुरेश साहू, प्रमोद साहू, परिजन पत्नी शशि सेन, पुत्र प्रकाश सेन, दीपक सेन एवं पोता वंश सेन उपस्थित थे।

# अकरस जोताई के बाद किसानों को धान बोने के लिए अच्छे बारिश का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी



मोहरा, हिरमी, भालेसुर, मुसवाडीह सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में इन दिनों किसान खेतों में अकरस जोताई का कार्य पूरा कर चुके हैं। किसानों ने अपने खेतों को धान बोनी के लिए तैयार कर लिया है और अब आसमान की ओर टकटकी लगाए अच्छे बारिश का इंतजार कर रहे हैं। इन क्षेत्रों में अकरस जोताई पारंपरिक कृषि प्रक्रिया का अहम हिस्सा है, जिसमें बारिश से पहले ही खेतों की सूखी जोताई कर ली जाती है। इससे मिट्टी में नमी संचित रहती है और बाद में होने वाली वर्षा के साथ खेत जल्दी तैयार हो जाते हैं, लेकिन इस बार मौसम ने किसानों को इंतजार में डाल रखा है। किसानों की मानें तो खेतों की जुताई करके वे अब बीज बुआई के लिए पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन बारिश नहीं होने से सारा काम रुका हुआ है। मुसवाडीह निवासी किसान गजेन्द्र टिकरिहा ने बताया, हमने ट्रैक्टर से खेत की जोताई कर दी है। अगर अगले हफ्ते बारिश नहीं हुई तो धान की फसल की शुरुआत लेट हो जाएगी। भालेसुर के किसान ने चिंता जताते हुए कहा कि पिछले कुछ सालों की तुलना में इस बार गर्मी अधिक रही, जिससे मिट्टी सूख चुकी है। कुछ-कुछ किसान बोआई शुरू किए थे। अगर समय पर बारिश नहीं हुई तो बीज खराब होने की भी आशंका रहेगी। फिलहाल मौसम में कभी-कभार बादल जरूर दिखते हैं, लेकिन पर्याप्त वर्षा नहीं हुई है। गांवों में किसानों का एक ही सवाल है- बारिश कब होगी? मौसम विभाग ने उम्मीद जताई है कि अगले कुछ दिनों में मानसून सक्रिय हो सकता है। खेत अकरस जोताई के बाद पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है, लेकिन पानी की एक बूंद भी नहीं है। मिट्टी सूखी है और किसान परेशान हैं। इनके माने तो, अकरस जोताई से मिट्टी की ऊपरी परत टूटती है, जिससे जल संरक्षण होता है और खरपतवार भी नष्ट होते हैं। यह धान की अच्छी पैदावार के लिए जरूरी प्रक्रिया है, लेकिन समय पर बारिश न हो तो फसल पर विपरीत असर पड़ता है।

## प्रमुख वक्ता संजय विनायक जोशी ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की

# प्लेन दुर्घटना के बाद समृद्ध भारत कार्यक्रम स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर के ऑडिटोरियम में समृद्ध भारत कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में पहुंचे भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय विनायक जोशी पहली बार बलौदाबाजार पहुंचे थे। जिनको देखने सुनने विधानसभा बलौदाबाजार के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित हुए थे। जिन्हें अहमदाबाद में हुए प्लेन दुर्घटना की वजह से निराश होकर लौटना पड़ा। कार्यक्रम में संजय जोशी द्वारा अहमदाबाद में हुई प्लेन दुर्घटना जिसमें लगभग 242 लोगों के मारे जाने की खबर मिलने के पश्चात स्वागत एवं उदबोधन का कार्यक्रम रद्द कर मृतकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की और कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा की। बलौदाबाजार के पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश के अन्य शहरों से भी सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचे थे, जिन्हें निराश होकर वापस जाना पड़ा।



#### 500 से अधिक बाइक सवारों ने सकरी में अगवानी की



*रायपुर से सड़क मार्ग से बलौदाबाजार पहुंचे संजय जोशी की अगवानी में लगभग 500 से अधिक बाइक सवारों ने बाजे-गाजे के साथ संकरी में अगवानी कर बायपास सड़क से कोकड़ी, भाटागांव होकर शहर के गार्डन चौक में प्रवेश किया, जहां जिला भाजपा अध्यक्ष आनंद यादव, जिला पंचायत की अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष चित्तावार जायसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपाइयों एवं नगर के प्रबुद्धजनों ने स्वागत किया। इसके पश्चात सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला के साथ विप्र समाज अनेक लोगों ने स्वागत किया।*

#### दशहरा मैदान में हजारों लोगों ने किया स्वागत

नगर के हृदय स्थल दशहरा मैदान में हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता व जिला पंचायत सदस्य ईशान वैष्णव, महेंद्र मोनू साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू आदि के साथ स्वागत किया। यहां से संजय जोशी एवं सभी लोग पैदल मार्च करते हुए आडिटोरियम पहुंचे, लगभग 1 किमी लंबे मार्ग में जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, जनपद उपाध्यक्ष सुमन योगेश वर्मा ने स्वागत किया। इसके पश्चात स्थानीय बजरंग चौक में विश्व हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष अभिषेक मिकी तिवारी, जिला सेवा प्रमुख लक्ष्मेंद्र अग्रवाल, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले समेत अनेक पार्षदों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में भाटापारा के पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता सच्चिनंद उपासने, पूर्व जिला अध्यक्ष सनम जांगड़े, पूर्व जनपद अध्यक्ष नंदकुमार साहू, दुर्गा महेश्वर, शशिभूषण शुक्ल, संजय पाण्डेय, योगेश वर्मा, कन्हैया सेन, पारसमणि साहू सहित हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित थे।

